# Podar International School

गद्यांश को पढ़ कर निम्न प्रश्नों के सही विकल्प को चुनिए -



**बैसाखी** पंजाब और हरियाणा प्रदेश के आस-पास का प्रमुख लोक त्योहार है। यह त्योहार खरीफ की फसल पकने की खुशी में मनाया जाता है। इस दिन सिखों के दसवें गुरु 'गोविंद सिंह' ने खालसा धर्म की स्थापना की थी। गुरु गोविंद सिंह ने अपने शिष्यों को बुराई छोड़कर अच्छाई की राह पर चलते रहने की शिक्षा दी थी। बैसाखी पर्व नववर्ष के आगमन को सूचित करता है। इस दिन पंजाबी लोग पूजा-अर्चना, दान-पुण्य करके दीप जलाते हैं। ढोलों की ताल पर स्त्री-पुरुष भांगड़ा और गिद्दा का नृत्य करते हैं। बैसाखी के ही दिन जलियाँवाला बाग में जनरल डायर ने क्रूरतापूर्वक अनेकों लोगों को मार दिया था। त्योहार मनाने के साथ ही इस दिन उन शहीदों को भी श्रद्धांजलि दी जाती है। बैसाखी का पर्व भारत के विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है।

1. बैसाखी पंजाब और हरियाणा प्रदेश का ------ त्योहार है ?

लोक | परलोक | सबका | मुस्लिमों

2. गुरु गोविंद सिंह ने -------- खालसा धर्म की स्थापना की थी ?

फालसा | खालसा | हिन्दू | सिक्ख

3. बैसाखी का पर्व -------- के आगमन को सूचित करता है ?

गत वर्ष | खतरे | नव वर्ष | ख़ुशी

4.------------ ने अपने शिष्यों को बुराई छोड़कर अच्छाई के राह पर चलने की सीख दी ?

कोई नहीं | बैसाखी ने | खालसा जी ने | गुरु गोविंद सिंह जी

5. ------ के ही दिन जलियाँ वाला बाग़ में जनरल डायर ने क्रूरतापूर्वक निहत्थे लोगों को मौत के घाट उतार दिया था ?

आज | बैसाखी | गत वर्ष | त्योहार

LIVEWORKSHEETS